# 33 फीसदी आरक्षण मिलने से महिलाएं सक्षम बनेंगी: आशा नौटियाल



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष उत्तराखंड आशा नौटियाल ने महिला आरक्षण बिल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि आरक्षण मिलने से महिलाएं और सक्षम बनेंगी। लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने के प्रस्ताव पर केंद्र सरकार की कैबिनेट ने मुहर लगाई है । इससे महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया है । लोकसभा और विधानसभा में 33 फीसदी आरक्षण मिलने पर महिलाएं राजनीतिक तौर पर मजबूत होंगी । उनका कहना है कि महिलाओं के लोकसभा और विधानसभा पहुंचने में आसानी होगी।
महिलाओं से संबंधित मुद्दे प्रमुखता के साथ सदन में उठेंगे, जिससे महिलाओं को काफी फायदा मिलेगा। उनका कहना है कि नारीशक्ति के सम्मान को लेकर केंद्र सरकार जहां कई तरह की योजनाएं चला रही है वहीं 33 फीसदी का आरक्षण मिलने से महिलाएं लोकसभा और विधानसभा पहुंचेगी। इससे काफी फायदा मिलेगा। महिलाएं राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर सकेंगी। न केवल देश में महिलाओं के मुद्दों का का निदान होगा बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं के मुद्दे हल होगें। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी लगातार महिलाओं के उत्थान को लेकर काम कर रहे हैं चाहे बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान रहा हो या फिर स्वयं सहायता समूह के महिलाओं को मुख्य धारा से जुड़ने की बात रही हो, उन्हें नई बाजार उपलब्ध कराना हो, सभी मंच पर केंद्र सरकार महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रही है। ऐसे में केंद्र और राज्य दोनों ही सरकारें महिलाओं के उत्थान को लेकर काम कर रही हैं। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल ने महिला आरक्षण को लेकर प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया है।

## जया किशोरी ने छात्रों को बताए सफलता के मंत्र

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
सीओईआर यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग छात्रों के लिए सफल कैसे हों विषय पर बातचीत में मोटिवेशनल स्पीकर जया किशोरी ने कहा कि स्कूल या कॉलेज में अंक प्राप्त करना छात्रों का लक्ष्य नहीं होना चाहिए, बल्कि लक्ष्य यह होना चाहिए कि सफल कैसे हों। अंक यह निर्धारित नहीं करते कि आप कितने सफल हैं, बल्कि ज्ञान निर्धारित करता है। कॉलेज से निकलने के बाद आपका ज्ञान और बुद्धिमता आपके विकास को प्रभावित करेगी, न कि अकादमिक क्षेत्र में प्राप्त अंकों को ।जया ने परीक्षा के दौरान सात्विक भोजन लेने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। क्योंकि, इससे व्यक्ति को अधिक ध्यान केंद्रित करने और शांत रहने में मदद मिलती है।

# गणेश चतुर्थी के अवसर रामलीला मैदान में पधारे सिध्दीविनायक

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
गणेश चतुर्थी के अवसर पर नगर के रामलीला के मैदान पर वैश्य महासभा हल्द्वानी का गणेशोत्सव गणेशजी की मूर्ति स्थापना के साथ शुरू हो गया।
मंगलवार को सबसे पहले भगवान गणेश की विशाल मूर्ति का डोला ढोल नगाड़े और पुष्प वर्षा के बीच कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। तत्पश्चात पंडित विवेक शर्मा ने पारंपरिक रूप से मूर्ति का पूजन किया और आरती कर प्रसाद का वितरण किया।
वैश्य महासभा के अध्यक्ष आलोक शारदा ने बताया की गणेशजी की यह मूर्ति मिट्टी की बनी है और दिनेशपुर के पारंपरिक मूर्तिकारों ने बनाई है।
महामंत्री भवानी शंकर नीरज ने बताया कि प्रतिदिन सुबह-शाम गणेशजी की आरती होगी और प्रसाद का वितरण होगा।
इस मौके पर कोषाध्यक्ष देवेंद्र



केसरवानी, भोलानाथ केसरवानी, रामबाबू जायसवाल, विनय लाहोटी, बद्री प्रसाद गुप्ता, दीपक अग्रवाल, रामकिशोर अग्रवाल, सुरेश केसरवानी, नीरज प्रभात गर्ग, विजय गुप्ता, वैश्य महिला समिति अध्यक्ष पूनम अग्रवाल, युवा महासभा अध्यक्ष उमेश गुप्ता, मीडिया प्रभारी कपिल अग्रहरि आदि उपस्थित थे।

# ऋषिकेश एम्स में सेवा वीरों ने नकली डॉक्टर को पकड़ कर पुलिस को सौंपा

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश (एम्स ) में फर्जी डॉक्टर बनकर घूम रहे एक युवक को सेवा वीरों ने पकड़ कर मंगलवार को पुलिस के हवाले दिया।
एम्स के प्रशासनिक अधिकारी द्वारा दी गई तहरीर के बाद पुलिस ने युवक के विरुद्ध जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी है।
एम्स के जनसंपर्क अधिकारी हरीश थपलियाल के मुताबिक आज सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में डॉक्टर की वर्दी पहनकर घूम रहा एक युवक सेवा वीरों को



दिखाई दिया। युवक से पूछताछ करने पर उसने खुद को न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट का डॉक्टर बताया लेकिन पूछताछ में युवक की बातें संदिग्ध मालूम हुईं।
उसके बाद एम्स के प्रशासनिक अधिकारी मौके पर आए। पूछताछ में युवक फर्जी रूप से डॉक्टर की वर्दी पहनकर घूमता पाया गया।
उसके बाद प्रशासनिक अधिकारी संदीप कुमार ने एम्स चौकी पुलिस को तहरीर देकर फर्जी डॉक्टर बने युवक के खिलाफ गहन जांच पड़ताल और कानूनी कार्रवाई करने के लिए कहा। युवक की पहचान सचिन कुमार, निवासी कृष्णा नगर कॉलोनी, ऋषिकेश के रूप में हुई है।
सचिन ने एम्स के अधिकारियों को बताया कि उसने कोविड-19 के दौरान डीआरडीओ के अस्पताल में बतौर हॉस्पिटल अटेंडेंट के रूप में काम किया है। उसके बाद वह यहां से चला गया।

## एचडीएफसी बैंक ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड में दोपहिया ऋण मेला शुरू किया

**देहरादून।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक ने 19-20 सितंबर, 2023 को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में दो दिवसीय दोपहिया ऋण मेला शुरू करने की घोषणा की है। दोनों राज्यों की 750 से अधिक बैंक शाखाएं दोनों राज्य ऋण अभियान में भाग लेंगे। बैंक ने प्रमुख दोपहिया डीलरों को अपनी शाखाओं में अपने नवीनतम मॉडल प्रदर्शित करने के लिए आमंत्रित किया है। बैंक मौजूदा और सक्रिय ग्राहकों को मौके पर ही ऋण स्वीकृतियां प्रदान करेगा। बैंक ने हाल ही में कई नई शाखाएँ खोली हैं।

# सीएम के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी पर फूंका विधायक का पुतला

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता युवा मोर्चा और महिला मोर्चा की गोपेश्वर इकाई की ओर से मंगलवार को द्वाराहाट विधायक मदन सिंह बिष्ट की ओर से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के खिलाफ की गई अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में चमोली जिला मुख्यायलय गोपेश्वर के तिराहे पर विधायक पुतला दहन किया गया। युवा मोर्चा महामंत्री दीपक भट्ट ने इस घटना कि निंदा करते हुए कहा कि किसी सामाजिक और सम्मानित पद पर रहते हुए इस तरह कि बातें करना अशोभनीय है। इससे समाज में उस पद को लेकर गलत धारणा उत्पन्न होती है, जो स्वस्थ राजनीति के लिए उचित नहीं



है ।इस दौरान कार्यक्रम में महिला मोर्चा की गढ़वाल संयोजन चंद्रकला तिवारी, हरिबोधनी खत्री, भाजपा मंण्डल अध्यक्ष महेन्द्र राणा, संजय कुमार, प्रदीप रावत, सुरेश आदि मौजूद थे।

## न्यूज फ्लैश

### एसटीईएल को मिला एनर्जी डेवलपमेंट कॉपोर्रेशन लिमिटेड से ऑर्डर

**देहरादून।** सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड (एसटीईएल) (बीएसई: 540642, एनएसई: सालासर), जो बड़े और भारी स्टील स्ट्रक्चर्स के निर्माण में लगने के साथ ही विभिन्न प्रकार के उद्योगों जैसे टेलीकॉम, पावर, रेल्वे और अन्य को कस्टमाइज स्टील स्ट्रक्चर्स और ईपीसी सोल्यूशन प्रदान करती है, कंपनी ने बीएसई को बताया कि उसे एक बड़ा ऑर्डर मिला है अर्थात रवांडा ट्रांसमिशन सिस्टम रीइन्फोर्समेंट और लास्ट माइल कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट के लिए एनर्जी डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा 9.40 मिलियन डॉलर, जो 75.23 करोड़ रुपये के बराबर है, का एक कॉन्ट्रैक्ट दिया गया है। ऑर्डर प्राप्ति पर टिप्पणी करते हुए, एसटीईएल की प्रबंधन टीम ने कहा कि हमें एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है जो उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर सॉल्यूशंस प्रदान करने में हमारी क्षमताओं को रेखांकित करती है। एसटीईएल ने अफ्रीकी क्षेत्र रविंकवावु-किरेहे, गैबिरो-न्यागतरे और रुलिंडो-गिकुम्बी में 110 केवी ट्रांसमिशन लाइन की डिजाइनिंग, आपूर्ति और स्थापना के लिए हमे यह ऑर्डर मिला है । इस ऑर्डर ने इंपोर्ट बाजार में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने में सक्षम बनाया है, जो सर्वोत्तम श्रेणी के उद्योग मानकों को कायम रखते हुए ऑर्डर को तुरंत निष्पादित करने की एसटीईएल की क्षमता पर विदेशी ग्राहकों द्वारा रखे गए भरोसे का सबूत है।

### सेलेकोर गैजेट्स ने एंकर इन्वेस्टर्स से 14.60 करोड़ रुपये प्राप्त किए

**देहरादून।** उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सेलेकोर गैजेट्स ने अपनी प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) की घोषणा की है, जिसकी बोली 15 सितंबर को खुलेगी और 20 सितंबर को 87-92 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के निश्चित प्राइस बैंड पर बंद होगी। नारनोलिया फाइनेंशियल सर्विसेज इसकी बुक रनिंग लीड मैनेजर है, और स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज इश्यू की रजिस्ट्रार है। अपने आईपीओ से पहले, कंपनी ने एंकर निवेशकों - इंडिया अहेड वेंचर ट्रस्ट, फाउंडर्स कलेक्टिव फंड, मेरु इन्वेस्टमेंट फंड पीसीसी - सेल 1 और एजी डायनेमिक्स - को 92 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर 15,72,000 शेयर आवंटित किए हैं। इस आईपीओ इश्यू में 55.18 लाख नए इक्विटी शेयरों की बिक्री शामिल है, जिनमें प्रत्येक का अंकित मूल्य 10 रुपये है तथा कुल कीमत 50.77 करोड़ रुपये है। कंपनी के शेयरों को एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म (एसएमई) पर सूचीबद्ध करने का भी प्रस्ताव है। आईपीओ के लिए लॉट का आकार 1,200 इक्विटी शेयरों पर निर्धारित किया गया है, प्रत्येक लॉट की कीमत प्राइस बैंड के अपर एंड पर 1,10,400 रुपये है।

# स्काडा प्रोजेक्ट से जल उत्पादन एवं गुणवत्ता पर रखी जा रही नजर

**परियोजना**

**8 स्काडा सिस्टम के जरिये लगभग 15-20 प्रतिशत बिजली की बचत वर्तमान में की जा रही है**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
अब जल की गुणवत्ता उत्पादन पर नजर रखने की परियोजना प्रारंभ हो गई है। देहरादून स्मार्ट सिटी की स्काडा (सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डेटा एक्यूजीशन) परियोजना एक ऑटोमेशन संबंधित एकीकृत स्वचालित प्रणाली है। इस परियोजना में सॉफ्टवेयर के माध्यम से उपकरणों का संचालन



किया जाता है। इसके जरिये उत्तराखंड जल संस्थान को एक ही स्थान से जलापूर्ति की पूरी जानकारी मिल रही है। मसलन, किस क्षेत्र में कितना पानी सप्लाई हुआ, बूस्टरों में कितना पानी है, किस इलाके में कितना पानी जा रहा है। लीकेज आदि की जानकारी भी दाब नियंत्रण उपकरणों के माध्यम से सॉफ्टवेयर में प्रदर्शित होती है, जिससे नियंत्रण कक्ष में आसानी से सारी जानकारी उपलब्ध हो रही है। वाटर स्काडा सिस्टम का मूल उद्देश्य बिजली की बचत के साथ -साथ पेयजल की बबार्दी पर भी अंकुश लगाना है। अभी तक किस क्षेत्र में कितना पानी सप्लाई हो रहा है, इसकी जानकारी नहीं होती है लेकिन स्काडा सिस्टम से इसके बारे में आसानी से पता चल रहा है। मौजूदा समय में एस्को मॉडल स्काडा परियोजना के अंतर्गत जल संस्थान के 206 ट्यूबवेल, 11 बूस्टर पंपिंग स्टेशन और 72 ओवरहेड टैंक का स्वचालन अत्यधिक ऊर्जा दक्ष उपकरणों के माध्यम से किया जाना प्रस्तावित था, जिस कार्य को पूर्ण कर वर्तमान में ट्रायल रन किया जा रहा है। इनके जरिये शहर में पेयजल सप्लाई की जाती है। पानी की सप्लाई में वर्तमान में सालाना लगभग 35 करोड़ रुपये की बिजली खर्च होती है। हालांकि स्काडा सिस्टम के जरिये लगभग 15-20 प्रतिशत बिजली की बचत वर्तमान में की जा रही है। स्काडा परियोजना में पंपिंग स्टेशन और मशीनरी की वार्षिक मरम्मत पर लगभग साढ़े चार करोड़ रुपये खर्च होते हैं, जिसे परियोजना पूर्ण होने के पश्चात स्काडा सिस्टम लगाने वाली पीपीपी कंपनी द्वारा अपने स्तर पर 10 वर्ष तक किया जाएगा। इससे विद्युत के साथ - साथ सरकारी धन की भी बचत होगी।

## ज्ञानी साधक की आत्मा ही धर्म में जाग्रत हुआ करती है: भारती

**देहरादून।** वर्तमान परिवेश में दिखाई देता है कि मनुष्यों द्वारा अपने-अपने मनानुसार अनेक धर्मों का निर्माण कर लिया गया है, और जब इन कथित धर्मों से इंसान का स्वार्थ पूर्ण नहीं हो पाता तो वह रोषपूर्ण तरीके से कह उठता है- धर्म खतरे में है। वास्तव में धर्म खतरे में नहीं अपितु मनुष्यों की पूरी न होने वाली स्वार्थ भावना खतरे में पड़ जाती है। धर्म को आज अनेक प्रकार से परिभाषित करने की होड़ मची हुई है। जबकि महापुरूषों के कथनानुसार धर्म तो मानव मात्र का एक ही है, वह जो सदा से चला आ रहा है और सदा-सर्वदा उस एक रूप में ही चलता रहेगा।

# अरिहंत हॉस्पिटल के सहयोग से जीएमएफ लाया पैन इंडिया हेल्थकेयर लंगर सेवा

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
ग्लोबल मिडास फाउंडेशन (जीएमएफ) स्वास्थ्य सेवा से जुड़े सामाजिक कार्यों के लिए अरिहंत अस्पताल, देहरादून से गठजोड़ किया है। जीएमएफ के संस्थापक सरदार इंदर प्रीत सिंह ने बताया कि इस गठजोड़ के बाद फाउंडेशन को स्वास्थ्य जांच शिविर, नेत्र जांच शिविर, रियायती दरों पर स्वास्थ्य परामर्श, परीक्षण, निदान, उपचार और सर्जरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने में आसानी होगी। अब फाउंडेशन को अरिहंत अस्पताल की सुविधाएं, सर्वोत्तम विशेषज्ञ, अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभवी डॉक्टरों और प्रबंधन टीम का साथ मिलेगा। इंदर प्रीत सिंह ने बताया कि जीएमएफ और अरिहंत अस्पताल ने संयुक्त रूप से मुफ्त हेल्थकेयर कार्ड भी पेश किया है, जो देश के सभी समुदायों और सभी धर्मों के लोगों और एनआरआई के लिए हेल्थकेयर लंगर सेवा लाभ प्रदान करता है। किडनी प्रत्यारोपण और डायलिसिस के लिए के लिए प्राथमिकता के साथ 20 प्रतिशत छूट भी दी जाएगी। यह सुविधा पूरे देश में सभी समुदायों, सभी धर्मों और अंतरराष्ट्रीय चिकित्सा पर्यटन पहल के रूप में भारत आने वाले विदेशियों/एनआरआई को भी मिलेगी। आर्थिक रूप से कमजोर सिख संगत और आम जनता को परीक्षण, उपचार, सर्जरी आदि महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं पर 30 प्रतिशत तक रियायती दी जाएगी। देश भर में गुरुद्वारा समिति के सेवादारों, कथा वाचकों, ग्रंथी साहिबानों, सेवा करने वाले पदाधिकारियों और कर्मचारियों को परीक्षण, उपचार, सर्जरी आदि महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं पर 50 प्रतिशत तक छूट दी जाएगी। ये सभी लाभ उत्तराखंड के देहरादून और चमोली में मौजूद अस्पतालों और भविष्य में अन्य जगहों पर प्रदान किए जाएंगे।

# डबल इंजन ने उत्तराखंड का किया चहुंमुखी विकास: मनवीर चौहान



**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार पूरी तत्परता से काम कर रही है। अंतिम व्यक्ति तक राज्य व केंद्र की चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम किया जा रहा है। उत्तराखंड युवाओं के लिए रोजगार सृजन के मामले में दूसरे नंबर का राज्य बन गया है।
भाजपा जिला कार्यालय नई टिहरी में चौहान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा के विकास कार्य जनता के मुंह चढ़कर बोल रहे हैं। इसका परिणाम है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड की पांचों सीटें प्रधानमंत्री मोदी को समर्पित होंगी। तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में उत्तराखंड की जनता का पूरा योगदान रहेगा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी ने नकल विरोधी कानून लाकर युवाओं को दिल जीतने का काम किया है और नौकरी की दलाली करने वालों की कमर तोड़ी है। लगातार युवाओं को सरकारी नौकरियों से जोड़ने का काम किया जा रहा है। इस साल के अंत तक धामी 25 हजार युवाओं को जहां सरकारी से नौकरी देने का काम करेंगे, वहीं लाखों युवाओं के लिए विभिन्न सेक्टर में रोजगार सृजन करेंगे। अब तक धामी 12 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दे चुके हैं।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का उत्तराखंड से विशेष लगाव है। इसका परिणाम है कि राज्य में रेल, सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य से जुड़ी केंद्रीय योजनाओं का लाभ तेजी से प्रदेश को मिल रहा है। मुख्यमंत्री धामी ने 2025 तक उत्तराखंड को देश का सर्वाधिक विकसित राज्य बनाने का जहां निर्णय लिया हैं, वहीं प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश 2047 में विश्व की नंबर वन अर्थव्यवस्था बन जायेगा। अभी देश प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्व की पांचवी शक्ति के रूप में स्थापित हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 2014 से लेकर आज तक देश ने अभूतपूर्व ऐतिहासिक विकास किया है।

# गणेश चतुर्दशी पर ऋषिकेश के तमाम मंदिरों में विराजे सिध्दीविनायक

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
गणेश चतुर्दशी के अवसर पर तीर्थनगरी ऋषिकेश के तमाम मंदिरों के साथ घरों में श्रद्धालुओं ने सिध्दीविनायक गणेश की विधिविधान से मूर्ति स्थापना की।
मंगलवार को नगर में मनीराम मार्ग पर स्थित श्री गणपति सेवा मंडल, श्री गंगेश्वर बजरंग महादेव, स्वामी जगन्नाथ मंदिर, मां जानकी रसोई, जय गुरुजी संगत और श्री खाटू श्याम मंदिर आदि तमाम मंदिरों में भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित की गई है। इसके अलावा ऋषिकेश लक्ष्मण झूला मार्ग पर स्थित बगलामुखी पीठ में पीठ के संस्थापक स्वामी राहुलेश्वरानंद की अध्यक्षता व आदर्श ग्राम स्थित गणेश मंदिर में भी हर गोपाल अग्रवाल और अशोक अग्रवाल के संचालन में विधिविधान से विशाल कार्यक्रम का



आयोजित किया गया।
श्री गणपति सेवा मंडल महोत्सव 2023 की जानकारी देते हुए आलोक चावला ने बताया कि गणेश उत्सव के दौरान स्वामी जगन्नाथ आश्रम ऋषिकेश के अध्यक्ष मंहत लोकेश दास की अध्यक्षता में मूर्ति



स्थापना के पश्चात विनोद राजन द्वारा गणेशजी की वंदना की गई। इस दौरान धीरज चथरज, कृष्ण चतुवेर्दी बावरे मुंबई ने एक शाम भोले के नाम का भी आयोजन किया। इस मौके पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर निगम महापौर अनीता ममगांई के साथ मोनू डंग, सतीश पांथरी, हेमंत डंग, राजीव अग्रवाल, दक्षेस चंदानी, अनिल द्विवेदी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि 20 को ज्योति शर्मा, मनीष शर्मा पटियाला की ओर से माता की चौकी औेर 21 सितंबर को उदित नारायण एवं अनुभव नारायण, अनुष्का भटनागर एक शाम खाटू श्याम बाबा के नाम में शामिल होंगे। 22 सितंबर को विजेंद्र शर्मा रोहित राजस्थानी द्वारका दिल्ली की ओर से एक शाम साईं नाथ बाबा के नाम आयोजित की जाएगी। इसी के साथ अंतिम दिन इस दौरान ईशा नागपाल एवं मास्टर मनोज दिल्ली द्वारा सत्संग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।

